हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
**रोहतक,** बुधवार, 17 अप्रैल 2024

11 एथलेटिक्स चैंपियनशिप ने जगदीप ने जीता पदक



12 जीएसटी के विरोध में आढ़तियों ने किया ...



## खबर संक्षेप



### अवैध कब्जे पर चला नपा का चाबुक

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा नगर पालिका द्वारा वार्ड-1 नगर पालिका की भूमि खसरा नंबर 317 पर चल रहे अवैध अतिक्रमण पर चाबुक चलाते हुए कार्य को रुकवा दिया और अतिक्रमण सामग्री को कब्जे में ले लिया। नपा पटवारी संदीप थौरी ने बताया कि सचिव के आदेशानुसार ऋषि सफाई दरोगा, प्रमोद सहायक आदि सभी सफाई कर्मचारियों के सहयोग से मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण को हटाया गया व उन्हें हिदायत दी गई की भविष्य में इस कार्य को दोबारा करने पर कार्रवाई की जाएगी।

### श्रीमद्भागवत ज्ञान महायज्ञ कथा 17 से

**भिवानी।** लिबर्टी सिनेमा रोड स्थित कुंगड़ियों के मंदिर में श्रीहनुमान जन्मोत्सव पर श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ का आयोजन 17 अप्रैल से 23 अप्रैल तक किया जायेगा। समारोह के आयोजक मंडन मिश्र एवं दिव्यांशु ने बताया कि कथाव्यास डॉ. विनय मिश्र श्रीमद्भागवत की कथा का वर्णन करेंगे। मुकेश जांगड़ा, राजेश असीजा और इंद्राज वर्मा ने बताया कि 17 अप्रैल को रामनवमी पर दोपहर 12 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी।

### सट्टा खाईवाली करते किया गिरफ्तार

**तोशाम।** तोशाम पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर निगानां कलां में सट्टा खाईवाल रहे व्यक्ति को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उक्त व्यक्ति से 21900 रुपए भी बरामद कर लिए। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि निगाना कलां में आनंद प्रमानंद आश्रम के पास संदीप नामक व्यक्ति लोगों से सट्टा लगवा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बोगस सट्टेबाज को पांच सौ रुपये के नोट का नंबर लिखकर सट्टा लगाने के लिए भेजा। जब उक्त युवक ने बोगस सट्टेबाज से पांच सौ रुपये लिए तो पुलिस ने छापा मारकर उक्त युवक को काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपित से 21900 रुपये भी बरामद कर लिए।

### महिला के खाते से 39 हजार 759 रुपये उड़ाए

**लोहारू।** करीब पांच माह पुराने मामले में लोहारू थाना पुलिस ने ढाणी अकबरपुर निवासी युवक प्रवीण की शिकायत पर उसकी मां के क्रेडिट कार्ड से झांसा देकर 39 हजार 759 रुपये की राशि पर हाथ साफ करने वाले अज्ञात खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। प्रवीण ने पुलिस को बताया कि वह प्राइवेट कंपनी में जॉब करता है और उसकी मां के मोबाइल पर कॉल आई कि वह क्रेडिट कार्ड अपडेट कर रही है। मां ने फोन प्रवीण को थमा दिया और प्रवीण ने मोबाइल पर आए ओटीपी फोन पर बता दिया, जिसके बाद उसके कार्ड ने 39 हजार 759 रुपये की राशि गायब हो गई।

### श्रुति ने नेट एवं गेट की परीक्षा की क्वालीफाई



भिवानी। छात्रा श्रुति को सम्मानित करती कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी।

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विवि के गणित विभाग की छात्रा श्रुति ने नेट एवं गेट की परीक्षा क्वालीफाई कर विवि, अपने गांव, माता-पिता व गुरुजनों का नाम रोशन किया है। विवि के गणित विभाग की श्रुति का चयन डीआरडीओ दिल्ली में जूनियर रिसर्च फेलो के रूप में हुआ है। विवि की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डीके मदान ने श्रुति को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

---

यूपीएससी का परीक्षा परिणाम घोषित, जिले के दो होनहारों ने बढ़ाया गौरव

# ताऊ व चाचा के बाद भतीजे ने आगे बढ़ाई अफसर बनने की परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम

तोशाम क्षेत्र के गांव झांवरी निवासी भावेश ख्यालिया अपने ताऊ, चाचा के बाद एक ही परिवार से दूसरे प्रयास में यूपीएससी में 46वीं रैंक हासिल कर गांव व परिवार का नाम रोशन किया है। उन्होंने यह उपलब्धि दूसरे प्रयास में प्राप्त की है। उन्होंने एचसीएस में 12वीं रैंक हासिल कर परिवार, गांव व क्षेत्र का गौरव बढाया है। भावेश ख्यालिया ने बताया कि बगैर कोचिंग लिए उन्होंने हिसार में घर पर रहते हुए 15 से 16 घंटे नियमित रूप से पढ़ाई की और सफलता हासिल की है। झांवरी निवासी भावेश ख्यालिया के ताऊ डॉ. युद्धबीर सिंह ख्यालिया 1983 में एचसीएस चयनित हुए थे और उसके बाद उनके चाचा राजेश ख्यालिया भी 1999 में एचसीएस चयनित हुए। लगभग 24 साल बाद एक बार फिर भावेश ख्यालिया ने यूपीएससी में 46वें रैंक के साथ चयनित होकर अपने परिवार व गांव का परचम लहराया है।


- एचसीएस में 12वीं रैंक हासिल कर परिवार, गांव व क्षेत्र का गौरव बढाया
- बगैर कोचिंग लिए घर पर 15 से 16 घंटे नियमित रूप से पढ़ाई कर सफलता प्राप्त की
- ताऊ डॉ. युद्धबीर सिंह ख्यालिया 1983 में एचसीएस चयनित हुए
- चाचा राजेश ख्यालिया भी 1999 में एचसीएस चयनित हुए



### दूसरे प्रयास में 46वां रैंक मिला

भावेश ख्यालिया ने टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंस हैदराबाद से 2020 में ग्रेजुएशन किया और उन्होंने ताऊ डॉ. युद्धबीर सिंह ख्यालिया व चाचा राजेश ख्यालिया से प्रेरित होकर कोरोना काल के दौरान समय का पूरा फायदा उठाते हुए घर पर ही तैयारियों में जुट गए। उनका सपना व जिद्द यूपीएससी की परीक्षा अच्छे रैंक से पास करना था पहले प्रयास में उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा में 280वां रैंक हासिल किया था, लेकिन परिणाम से संतुष्ट नहीं हुए और दूसरे प्रयास में 46वीं रैंक के साथ यूपीएससी की परीक्षा पास कर ली। भावेश की मां सुशीला शिक्षिका हैं, जिन्होंने वीआरएस ले लिया था, जबकि उनके पिता राजकुमार गवर्नमेंट कॉलेज सिवानी से प्राचार्य के पद से 30 नवंबर 2022 को सेवानिवृत्त हुए थे। सबसे बड़े ताऊ सतबीर ख्यालिया वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से प्राचार्य सेवानिवृत्त हैं।

### यूपीएससी में जया शर्मा ने हासिल किया 248वां रैंक



**बहल।** 248वां रैंक हासिल कर यूपीएससी की परीक्षा पास करने वाली हिसार निवासी ; मूल रूप से भिवानी जिले बड़वा गांव निवासी डीएसपी जया शर्मा की सफलता पर बहल में खुशी का आलम है। जया की बहल में ननिहाल है। सिविल सर्विस में जया को मिली सफलता के बाद से उसके ननिहाल में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। जया की सफलता पर उसके मामा भाजपा बहल मंडल प्रधान सुनील शर्मा ने बताया कि जया शर्मा शुरू से ही मेधावी रही है। उसने दिल्ली विवि से बीएसई व आईआईटी दिल्ली से एमएससी की डिग्री हासिल करने के बाद से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी शुरू की थी। पिछली साल जया ने एचपीएससी में आठवां रैंक हासिल कर डीएसपी बनी थी। पर, उसका लक्ष्य तो आईएएस बनना था जो उसकी कड़ी मेहनत व लगन से हासिल हुआ है। सुनील शर्मा ने बताया कि जया शर्मा ने हमेशा प्रोडक्टिव स्टडी पर फोकस किया है। जया की सफलता में उसके दादा रूदमणी शर्मा, पिता प्रमोद शर्मा, व माता नीतू शर्मा का विशेष सहयोग रहा है। वहीं, जया शर्मा की सफलता पर प्रदेश के वित्त मंत्री जेपी दलाल, बहल के भाजपा कार्यकर्ता सुनील सिरसी, पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल,डॉ. विजेन्द्र सुरपुरा कलां, सतबीर चैहड़, विस्तारक रमेश जांगड़ा, सिवानी भाजपा मंडल प्रधान विक्रम जांगड़ा, लोहारू प्रधान कै. रामफल श्योराण सहित अन्य लोगों ने खुशी जताते हुए जया शर्मा को बधाई दी है।

---

# हालवास गेट फाटक पार इलाके में सीवर समस्या को लेकर बिफर गईं महिलाएं

## विरोध के बाद अधिकारियों ने मंगवाई सुपर सकर मशीन, तीन दिन में होगी सफाई





**भिवानी।** सीवरेज दुरुस्त करवाने की मांग को लेकर नारेबाजी करते हालवास गेट फाटक पार इलाके के नागरिक और गलियों में जमा सीवरेज का पानी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

हालवास गेट फाटक पार इलाके में रहने वाले लोगों का मंगलवार को धर्य जवाब दे गया। सीवर के पानी की निकासी न होने की वजह से पार्षद सुभाष तंवर की अगुवाई में महिलाओं ने जमकर हंगामा किया।

बाद में पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उसी वक्त सीवर साफ करने वाली सुपर सकर मशीन मंगवाई। मशीन पहुंचने के बाद ही महिलाएं शांत हुई। इस दौरान अधिकारी ने तीन दिन के भी पूरी सीवर लाइन साफ करवाए जाने का भरोसा दिलाया। तब जाकर महिलाएं शांत हुई। महिलाओं ने चेतावनी दी कि अगर उनकी इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। सुबह दस बजे पार्षद सुभाष तंवर की अगुवाई में महिलाएं हालवास गेट फाटक पर एकत्रित हुई। महिलाओं ने करीब आधे घंटे तक नारेबाजी की। बाद में प्रदर्शन की सूचना मिलते ही पब्लिक हेल्थ विभाग के एसडीओ व जेई मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिलाओं से बातचीत की। महिलाओं ने बताया कि उनके इलाके में पिछले तीन चार माह से सीवर के पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। जिसकी वजह से घरों से निकलने वाला सड़कों व गलियों में फैल रहा है। पानी की निकासी न होने के चलते उनको गंदे पानी के बीच से ही होकर निकलना पड़ रहा है। इस बारे में कई बार विभाग के आला अधिकारियों से मिल चुके है,लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

- सुबह दस बजे पार्षद सुभाष तंवर की अगुवाई में महिलाएं हालवास गेट फाटक पर एकत्रित हुई

### अधिकारियों से तू-तड़ाक, मंगवानी पड़ी मशीन

जिस वक्त अधिकारी मौके पर पहुंचे तो उस वक्त महिलाओं की अधिकारी से जमकर तू तड़ाक हुई। महिलाओं ने बताया कि वे पिछले कई महीनों से नारकीय जीवन जीने पर मजबूर है। पार्षद सुभाष तंवर ने बताया कि कई बार अधिकारियों से शिकायत की,लेकिन अधिकारी हर बार उनको आश्वासन देकर टाल दिया जाता है। क्षेत्र के घरों से निकलने वाला गंदा पानी आगे जाने की बजाए वापस सड़क व गलियों में फैल रहा है। जिसकी वजह से बगो, बुजुर्ग व महिलाओं को इसी पानी से होकर गंत्वय तक पहुंचना पड़ रहा है। कई बार बगो गंदे पानी में फिसल कर गिर भी रहे है। पानी की सही ढंग से निकासी न होने की वजह से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। बार बार शिकायत करने पर भी अफसर इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस मौके पर नगरपार्षद संदीप यादव, अनिल कटारिया, सुनील लोहार, मुकेश देवी, बलवान सैनी आदि मौजूद थे।

---

### सिवानी लोहारू मार्ग पर सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**बहल।** गांव बलियाली निवासी एक महिला की सिवानी लोहारू मार्ग पर सड़क हादसे में मौत हो गई। महिला अपने भाई के साथ पहाड़ी माता मंदिर में पूजा अर्चना के लिए गई थी कि वापस लौटते समय उनकी बाइक को अज्ञात पिकअप चालक ने टक्कर मार दी। महिला के भाई की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस को दी शिकायत में बलियाली निवासी अमित कुमार ने बताया कि वह अपनी बहन मंजू के साथ पहाड़ी माता मंदिर में धोक मारने गया था। धोक पूजा के बाद जब वे मंगलवार सुबह करीब 3:30 बजे जब लोहारू सिवानी मार्ग पर बड़दू जोगी के पास पहुंचे तो पीछे से तेज गति से आ रही एक पिकअप गाड़ी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे वह अपनी बहन के साथ बाइक सहित सड़क़ पर जा गिरा। सड़क़ पर गिरने से उसकी बहन को चोटें आई। वह साधन का इंतजाम कर अपनी बहन को लोहारू सीएचसी में लेकर गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### 11 मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, सहमति से होगा निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

अदालत में लंबित मुकदमों के शीघ्र समाधान के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 11 मई को जिला में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस अदालत में सुलह समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निपटारा करवाया जा सकता है। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव सीजेएम सौरभ कुमार ने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 11 मई को जिला में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, यदि किसी व्यक्ति का कोई प्रकरण न्यायालय में लंबित है तो वह लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करवा सकता है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है।

---

# प्रशासन के साथ आंख मिचौली खेल रहे निजी स्कूल संचालक

## बाढ़ड़ा क्षेत्र में टीम जांच के लिए स्कूलों में पहुंची तो मिला अवकाश, बस भी मिली नदारद

हरिभूमि न्यूज,बाढ़ड़ा

महेंद्रगढ़ जिले में हुए भीषण स्कूल बस सड़क हादसे के बाद प्रशासन व सरकार पूरी तरह से बदलाव के मूड में नजर आ रहा है। नियमों को दरकिनार कर विद्यार्थियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले स्कूलों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा और वाहनों के चालान करने व जब्त करने की कार्रवाई लगातार जारी है। वहीं अधिकारियों द्वारा निजी स्कूल संचालकों के साथ बैठकें आयोजित कर सभी मानकों पर खरा उतरने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। लेकिन इसके बावजूद निजी स्कूल संचालक इतना बड़ा हादसा होने के बावजूद भी सबक लेने की बजाये प्रशासन के साथ आंख मिचौली खेल रहे हैं। लेकिन प्रशासन किसी प्रकार की ढिलाई देने को तैयार नहीं हैं जिसके चलते भविष्य में इन पर कार्रवाई निश्चित है।



बाढड़ा। बसों की जांच करते शिक्षा विभाग की टीम। फोटो : हरिभूमि

बता दे कि बीते शनिवार को बाढ़ड़ा एसडीएम सुरेश दलाल ने निजी स्कूल संचालकों के साथ बैठक आयोजित की थी। बैठक के दौरान सुरक्षा के सभी मानकों को पूरा करने के निर्देश दिए थे और साथ ही कहा था कि जितने भी स्कूल वाहन हैं उनकी एक बार जांच की जाएगी। जिसके बाद बैठक में तय किया गया कि एक शेड्यूल के तहत सभी स्कूल संचालक बाढ़ड़ा लाकर अपनी स्कूल बसों की जांच करवाएंगे। लेकिन रविवार व सोमवार को शेड्यूल के अनुसार निर्धारित बसें बाढ़ड़ा नहीं पहुंची तो खंड शिक्षा अधिकारी जलकरण की अगुवाई में टीम फील्ड में उतरी और स्कूलों में पहुंची। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि वे कई स्कूलों में गए लेकिन नांधा व लाड के निजी स्कूलो को छोड़कर कई स्थानों पर स्कूलों में अवकाश मिला और बसें भी स्कूलों से गायब थी। इस संबंध में उन्होंने एसडीएम को पूरे मामले से अवगत करवाया दिया है। जिसके बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

---

मंडी सचिव ने किया दावा : एचडब्लूसी का परचेज़र करेगा खरीद

# परचेज़र को पता नही, खरीद करनी है या नहीं

- फसल खरीद को लेकर सरकार तथा प्रशासन के द्वारा किए जा रहे दावे खोखले साबित होते नजर आ रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम



तोशाम। तोशाम अनाजमंडी में पड़ा गेहूं।

मंगलवार को तोशाम अनाज मंडी में गेहूं की फसल खरीद करने वाले एचडब्लूसी के परचेजर की बड़ी लापरवाही देखने को मिली। गेहूं की खरीद करने वाले एचडब्लूसी के परचेज़र को स्वयं यह तक नहीं पता था की उन्हें मंगलवार को गेहूं की खरीद करनी भी है या नहीं, वहीं मंडी सचिव ने बताया की मंगलवार को एचडब्लूसी के परचेजर गेहूं की खरीद करेंगे ऑन रिकॉर्ड उन्हीं की बारी है, ऐसे में अमूमन अंदाजा लगाया जा सकता है की बेचारे किसान के द्वारा खून पसीने से पैदा की गई फसल की खरीद के कार्य को लेकर एचडब्लूसी का परचेजर कितना सतर्क है।

गेहूं की खरीद के लिए एचडब्लूसी तथा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को जिम्मेदारी दे रखी है, जिनका अलग.अलग दिन शेड्यूल निर्धारित कर रखा है। शेड्यूल के अनुसार मंगलवार को एचडब्लूसी द्वारा खरीद की जानी थी। लेकिन मंगलवार को एचडब्लूसी के परचेज़र से जब गेहूं की खरीद बारे बात की गई तो परचेज़र का कहना था कि खरीद के लिए उनके दिन निर्धारित किए गए हैं और शेड्यूल के अनुसार आज उसके द्वारा खरीद का दिन नहीं है मंगलवार को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग खरीद करेगा। तत्पश्चात इस बारे खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि मंगलवार को खरीद के लिए शेड्यूल के अनुसार उनका दिन नहीं है तो वह खरीद नहीं करेंगे। इसके बाद इस बारे में तोशाम मार्केट कमेटी सचिव सुदेश कुमारी से बात की गई तो उनका कहना था कि मंगलवार को एचडब्लूसी के परचेज़र के द्वारा खरीद की जानी है। जब उनको यह कहा गया कि एचडब्लूसी के परचेज़र तो आज खरीद करने से मना कर रहे हैं की खरीद करने का आज उनका दिन नहीं है।

---



तोशाम। अनाजमंडी के बाहर खड़े ट्रैक्टर।

### 4 घंटे बनी रही जाम की स्थिति प्रशासन का रवैया दिखा ढुलमुल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम




मंगलवार को तोशाम में बस स्टैंड से सिवानी चुंगी तक करीबन 4 घंटे तक निरंतर जाम की स्थिति बनी रही। लेकिन घंटो तक मुख्य मार्ग जाम रहने के बावजूद भी प्रशासन ने जाम खुलवाने में कोई रुचि नहीं ली। ऐसे में वाहन चालकों सहित अनेक लोगों को काफी परेशानी का तो सामना करना पड़ा ही बल्कि प्रशासन की लचर व्यवस्था भी सामने आ गई।

उल्लेखनीय है कि तोशाम अनाज मंडी में फसल खरीद का कार्य चल रहा है और उठान प्रक्त्रिया धीमी होने की वजह से तोशाम अनाज मंडी सरसों की फसल से अटी हुई है। ऐसे में मंगलवार को किसान ट्रैक्टर.ट्रॉली सहित अन्य वाहनों में सरसों की फसल लादकर तोशाम अनाज मंडी में पहुंचे तो मंडी परिसर में जगह के अभाव से मंडी के बाहर दोपहर करीबन 12 बजे के बाद सिवानी मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई। जाम के कारण देखते ही देखते वाहनों की कतारें इतनी लंबी हो गई की तोशाम अनाज मंडी से लेकर परशुराम चौक, सुरेंद्र चौक होते हुए बस स्टैंड तक वाहनों की लंबी कतार जाम के रूप में दिखाई दे रही थी।

वहीं अनाज मंडी से दूसरी तरफ जूई मार्ग तथा सिवानी मार्ग पर भी जाम के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई। ऐसे में बस स्टैंड से भिवानी मार्ग तथा सिवानी मार्ग की तरफ जाने वाले वाहनों का रास्ता पूरी तरह से रुक गया। अनेक विद्यालयों की बस भी स्कूली बच्चों को लेकर जाम में फस गई।

# अनुराग की 'थ्रिलर' फिल्म में बॉबी देओल



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल फिल्मकार अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि बॉबी देओल ने हाल ही में अनुराग कश्यप के साथ सच्ची घटना पर आधारित एक थ्रिलर फिल्म साइन की है। बॉबी और अनुराग पिछले कई वर्षों से एक-दूसरे के साथ काम करना चाहते हैं, लेकिन बीच में कोई ऐसा प्रोजेक्ट नहीं आया। कुछ महीने पहले ही अनुराग ने इस फिल्म की कहानी बॉबी को सुनाई, जो बॉबी को काफी पसंद आई और उन्होंने उसके लिए अपनी स्वीकृति भी दे दी।

लाइफ Style

# यामी

## आर्टिकल 370 के लिए माना आभार



यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के इतने शानदार दिनों तक, समय बहुत तेजी से बीत गया।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' ने सिनेमा घरों में 60 दिन पूरे कर लिए हैं। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल-370 सिनेमाघरों में 23 फरवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म जम्मू कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। इस फिल्म ने सिनेमा घरों में धूम मचाकर रखी है। यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के इतने शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया।

मुझे यह मौका देने के लिए मैं आदित्य धर फिल्म्स की बहुत आभारी हूं। एक बेहतरीन प्रोड्यूसर होने के लिए लोकेश धर को स्पेशल थैंक्स। फिल्म को जीवंत बनाने के लिए पूरी टीम, डायरेक्टर आदित्य सुहास जांभले, राइटर, एक्टर्स और एडिटिंग, म्यूजिक, सिनेमेटोग्राफी और शानदार तकनीशियनों को थैंक यू।

## हॉलीवुड मसाला

# एक्शन फ्रैंचाइजी से जुड़े फजल



**नई दिल्ली।** अली फजल की गिनती बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेताओं में होती है। वह न सिर्फ बड़े पर्दे पर, बल्कि ओटीटी पर भी अपने दमदार अभिनय की छाप छोड़ चुके हैं। अली इंडस्ट्री के उन चुनिंदा अभिनेताओं में शुमार हैं, जिन्होंने अपने शानदार अदाकारी के बूते न सिर्फ बॉलीवुड, बल्कि हॉलीवुड में भी अपनी एक खास जगह बनाई है। पिछली बार हॉलीवुड फिल्म 'कंधार' में दिखे अली को अब एक और बड़ा मौका मिलने वाला है। दरअसल, 'कंधार' को फ्रैंचाइजी का रूप दिया जा रहा है।



# स्कारलेट की एडिटेड तस्वीर हो रही वायरल

**लॉस एंजिलस।** सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर इन दिनों एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें हॉलीवुड अदाकारा स्कारलेट जोहानसन को एक रिक्शा पर बैठे देखा जा सकता है। पोस्ट में दावा किया जा रहा है कि यह तस्वीर स्कारलेट जोहानसन के दिल्ली दौरे की है। स्कारलेट ने कहा कि वायरल तस्वीर एडिटेड है उन्होंने कहा कि एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के चेहरे पर एडिटिंग टूल्स की मदद से स्कारलेट जोहानसन का चेहरा चिपकाया गया है। बता दें कि फेसबुक यूजर अनिर्बान रॉय ने 4 अप्रैल को वायरल तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है दिल्ली की सड़क पर स्कारलेट जोहानसन।



# मिस्टर एंड मिसेज... देखने एक्साइटेड

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हैं। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। आलिया भट्ट ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम की स्टोरी पर मिस्टर एंड मिसेज माही का पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को आलिया ने ने जाह्नवी और राजकुमार को टैग करते हुए कैप्शन में लिखा कि इंतजार नहीं हो रहा शैरी। मिस्टर एंड मिसेजमाही 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# 'देवराः पार्ट-1' देखकर सभी को होगा गर्व

**मुंबई।** मैन ऑफ़ मासेस एनटीआर जूनियर ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म 'देवराः पार्ट 1' को देखकर सभी को गर्व महसूस होगा। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित और सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'देवराः भाग 1' पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एनटीआर जूनियर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। एनटीआर जूनियर ने कहा कि फिल्म देवरा का इंतजार न केवल सार्थक होगा बल्कि लोगों को गर्व से भर देगा। यह मेरा आप सभी से वादा है कि 'देवरा' का इंतजार सार्थक होगा और फिल्म रिलीज होने पर हर फैंस गर्व से अपना कॉलर ऊंचा उठाएगा। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, 'देवरा' दो भागों में प्रदर्शित होगी।

## टीवी मसाला



# कन्नप्पा से तेलुगु डेब्यू कर रहे अक्षय कुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार तेलुगु सिनेमा में कदम रख रहे हैं। वे 'कन्नप्पा' नामक तेलुगु फिल्म से अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस नए और रोमांचक वेंचर में, वे बहुमुखी तेलुगु स्टार विष्णु मांचू के साथ काम करेंगे। इतना ही नहीं, फिल्म में प्रभास और मोहनलाल जैसे अन्य बड़े नाम भी शामिल हैं। तेलुगु फिल्म क्षेत्र में कदम रखते हुए, अक्षय का लक्ष्य इस इंडस्ट्री में अपने आकर्षण और प्रतिभा को बिल्कुल नए दर्शकों तक पहुँचाना है। प्रोडक्शन से जुड़े करीबी सूत्रों के अनुसार, एक्शन से भरपूर इस आगामी महाकाव्य में अक्षय की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उनका प्रदर्शन दर्शकों के लिए मनोरम और यादगार होने का वादा करता है, जो निस्संदेह उन पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेगा। अभिनेता एक गहन शूटिंग शेड्यूल के लिए हैदराबाद जा रहे हैं, जिसमें फिल्म के क्लाइमेक्स के एक महत्वपूर्ण हिस्से के साथ ही महत्वपूर्ण सीन्स को कैप्चर करने पर प्रमुख रूप से ध्यान दिया जाएगा। निर्माता और प्रमुख अभिनेता विष्णु मांचू कहते हैं, "अक्षय सर के साथ शूटिंग करना वास्तव में किसी रोमांचकारी सफर पर जाने जैसा है। हम फिल्म का क्लाइमेक्स एक साथ शुरू करेंगे। उनके जैसे प्रतिभाशाली अभिनेता का इस प्रोजेक्ट में शामिल होना हमारे लिए एक बहुत बड़ा सम्मान है।

## 'मैडनेस मचाएंगे' में परितोष 'टीआरपी मामा' बन करेंगे सबका मनोरंजन



**नई दिल्ली।** 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' में परितोष त्रिपाठी अपने लोकप्रिय किरदार 'टीआरपी मामा' की एक छोटी सी झलक से सभी का दिल जीत लेंगे। उन्होंने कहा कि इससे उनका दिल खुशी से भर जाता है। 'कॉमेडी स्पेशल' एपिसोड में प्रसिद्ध कॉमेडी प्रतिभाओं गौरव मोरे, सृष्टि रोडे, बलराज सयाल और सुगंधा मिश्रा का स्वागत किया जाएगा। शो में परितोष न केवल उनके द्वारा किए जाने वाले नियमित हंसी-मजाक का हिस्सा होंगे, बल्कि मेजबान की भूमिका भी निभाएंगे।

# एड शीरन के गाने 'परफेक्ट' पर थिरकीं टीवी की 'जोधा बेगम'

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस परिधि शर्मा ने टीवी सीरियल 'जोधा अकबर' में 'जोधा बाई' की मुख्य भूमिका निभाई थी। इस सीरियल से परिधि शर्मा को घर-घर में लोकप्रियता मिली थी। 'जोधा' बन दर्शकों के दिलों पर छाने के बाद एक्ट्रेस परिधि शर्मा काफी समय तक पर्दे से दूर थीं, हालांकि जब उन्होंने वापसी की, तो वह पहली वाली पॉपुलैरिटी हासिल नहीं कर पाईं। इन दिनों ये एक्ट्रेस एक बार फिर सुर्खियों में छाई हुई हैं, लेकिन इस बार वह अपने किसी सीरियल के चलते नहीं बल्कि अपने एक डांस वीडियो की वजह से खबरों में बनी हुई हैं। बता दें, परिधि शर्मा को 'रुक जाना नहीं', 'ये कहां आ गए हम', 'पटियाला बेब्स' जैसे शोज में दमदार अभिनय के लिए जाना जाता है।

### ट्रेनर के साथ किया परफेक्ट डांस

परिधि शर्मा ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम



पर एक रील वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्हें अपने डांस ट्रेनर के साथ एड शीरन के ट्रैक 'परफेक्ट' पर डांस करते हुए देखा जा सकता है। एक्ट्रेस को वीडियो में नियॉन ग्रीन टी-शर्ट और काले रंग के शॉर्ट्स में देखा जा सकता है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए एक्ट्रेस कैप्शन में लिखती हैं, 'डांस रिहर्सल. आपके समर्पण और डांस के प्रति प्यार के लिए शुक्रिया।

### फैंस बोले- प्लीज टीवी पर आ जाइए

फैंस ने परिधि के वीडियो पर खूब प्यार बरसाया। एक्ट्रेस के फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक यूजर लिखते हैं, 'क्या खूबसूरत डांसर है। वहीं परिधि शर्मा के एक और फैन पर्दे पर उनकी वापसी को लेकर सवाल करते दिखे। वह लिखते हैं, 'प्लीज टीवी पर वापस आ जाइए। आपको पर्दे पर देखना बहुत अच्छा लगता है।

# मुनव्वर के डेब्यू वेब शो 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज ...



मुंबई। जानेमाने संगीतकार-रैपर बिग बॉस फेम मुनव्वर फारुकी के डेब्यू वेब शो 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज हो गया है। मुनव्वर फारुकी ने 'फर्स्ट कॉपी' नामक एक वेब सीरीज में अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत की घोषणा की है। मुनव्वर ने सोशल मीडिया पर सीरीज का आधिकारिक टीजर जारी किया। टीजर हमें 1999 में वापस ले जाता है, जब डीवीडी का चलन बहुत बड़ा था। फ़िल्में शुक्रवार को सिनेमाघरों में आती हैं, लेकिन कई लोग आधिकारिक रिलीज़ से पहले गुरुवार को डीवीडी पर फ़िल्म की 'पहली कॉपी' बनाने के लिए उत्सुक रहते हैं। मुनव्वर फारूकी ने कहा कि पिछले कई सालों से, मेरे फैंस हमेशा मेरे साथ खड़े रहे हैं और मैंने जो कुछ भी किया है, उसमें मेरा समर्थन किया है। इसलिए, मैं इस साल इस प्रोजेक्ट की घोषणा करके उन्हें एक ख़ास तोहफ़ा देना चाहता था, जहां वे मेरा एक नया पक्ष देखेंगे। मैं इस पर सभी की प्रतिक्रिया देखने के लिए उत्सुक हूं।

## इन सितारों की भी दरियादिली देखने लायक

# सोनू सूद ही नहीं, ये बॉलीवुड सितारे भी दिल खोलकर करते हैं दान

*मुंबई। बॉलीवुड सितारे भव्य जीवन जीने के लिए पहचाने जाते हैं, लेकिन इनमें कुछ सितारे ऐसे भी हैं, जो इंसानियत नहीं भूलते हैं। नाम, शोहरत और पैसा हासिल करने के बाद भी इन सितारों की दरियादिली देखने लायक होती है। ये सितारे जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। इस सूची में सोनू सूद से सलमान खान तक का नाम है। आईए, जानते हैं उन सितारों के बारे में, जो दिल खोलकर लोगों की मदद करते हैं।*



### सोनू सूद और सलमान खान

कोरोना महामारी के समय सोनू ने जो किया, उसे कौन भूल सकता है। अभिनेता ने प्रवासी मजदूरों की हर मुमकिन मदद की थी। वह सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों के संपर्क में रहते हैं और उनकी मदद करते हैं।



सलमान भी दिल खोलकर लोगों की मदद करते हैं। वह बीइंग ह्यूमन नाम की एक संस्था चलाते हैं, जिससे बीमारों की मदद की जाती है। इसके अलावा भी वह लोगों की मदद करने के लिए कदम उठाते रहते हैं।


### अक्षय कुमार और आलिया भट्ट

अक्षय कुमार का नाम भी इस सूची में शुमार है। अभिनेता को कई बार प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को दान देते देखा गया है। वह अपनी दरियदिली के लिए अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। अपनी खूबसूरती और शानदार अभिनय के लिए सुर्खियों में रहने वाली आलिया भट्ट एक वेलफेयर प्रोग्राम से जुड़कर लोगों की मदद करती हैं। वह कई बार सलाम बॉम्बे नामक संस्थान के जरिए लोगों की मदद करती नजर आती हैं।

### सुष्मिता सेन और प्रियंका चोपड़ा

अभिनेत्री सुष्मिता सेन अपने अभिनय के साथ ही लोगों की जमकर मदद करने के लिए भी पहचानी जाती हैं। अभिनेत्री एम फाउंडेशन से जुड़ी हुई हैं और उसके जरिए लोगों की मदद करती हैं। हिंदी सिनेमा से लेकर हॉलीवुड तक अपना जादू चलाने वाली प्रियंका चोपड़ा का दिल भी बहुत बड़ा है। उनका खुद की दान संस्था है और उन्होंने यूनिसेफ के साथ जुड़कर भी काम किया है।





### शाहरुख खान और आमिर खान

सुपरस्टार शाहरुख खान ने भी कोरोना के समय लोगों की मदद की थी। इसके साथ वह एक एनजीओ भी चलाते हैं, जिससे वो गरीबों की मदद करते हैं। कथित तौर पर शाहरुख ने विभिन्न सामाजिक कारणों के लिए काम करने वाली 10 से अधिक चैरिटी संस्थानों के साथ साझेदारी की है। आमिर खान को भी अक्सर दान करते देखा जाता है। वह उत्तराखंड बाढ़ पीड़ितों की मदद कर चुके हैं। इसके अलावा भी वह बहुत कुछ करते हैं।

# इस फिल्मकार के साथ काम करना चाहती हैं नोरा

*मुंबई। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही, फिल्मकार संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना चाहती हैं। मोरक्को की रहने वाली नोरा फतेही , हिंदी फिल्मों की काफी शौकीन थी। नोरा फतेही ने जब संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास देखी तो उन्होंने भारत में हिंदी फिल्मो में काम करने का फैसला किया।*



***देवदास देखकर आया अभिनेत्री बनने का आइडियाः*** *नोरा फतेही ने कहा, भारत में काम करने का ख्याल संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास को देखकर ही आया था। यदि मैं किसी दिन संजय लीला भंसाली की फिल्म की अभिनेत्री बनी तो वह मेरे करियर का टर्निंग प्वाइंट होगा। मैं चाहती हूं कि वह मुझमें यकीन करें कि मैं उनकी फिल्म की अभिनेत्री बन सकती हूं।कलाकार को बस एक मौका और वह इंसान चाहिए होता है, जो आप पर भरोसा करे।*

## खबर संक्षेप

### भजन पार्टी ने मतदान के लिए किया जागरूक

**भिवानी।** जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल के निर्देशानुसार सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की भजन मंडली द्वारा शहर के विभिन्न बूथों पर जाकर मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### नर सेवा ही नारायण सेवा : डॉ. धीर

**भिवानी।** कोट रोड पर किराये के मकान में काफी संख्या नेत्रहीन लड़किया रह रही हैं, जिन्हें चंद्रकांत दिव्यांग स्वाभिमान चैरिटेबल ट्रस्ट के अधीन शिक्षा व प्रवास प्रदान कर रहे हैं, ये लड़कियां सबसे प्रेम व सहयोग की उम्मीद रखती हैं, ताकि हर सक्षम व्यक्ति इनकी मदद के लिए आगे आए। डॉ. चंचल धीर ने कहा कि नवरात्रों में आर्थिक, वस्त्र या खाना देकर हर सक्षम व्यक्ति को इन नेत्रहीनों की मदद करनी चाहिए।

### छपारिया हनुमान मंदिर में नवरात्रि पर किया हवन

**तोशाम।** प्राचीन छपारिया हनुमान मंदिर में दुर्गा अष्टमी पर पंडित रामकिशन महाराज के सानिध्य में हवन-यज्ञ आयोजित किया, जिसमें मां दुर्गा के अनेक भक्तों ने आहुति डालकर धर्म लाभ उठाया। तत्पश्चात कन्या पूजन किया तथा मां दुर्गा का भोग लगाकर कन्याओं सहित अनेक भक्तों को प्रसाद वितरित किया।

### पर्यावरण संकट से बचने को पौधरोपण की जरूरत

**भिवानी।** हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाइस चेयरमैन विजेंद्र बड़गुज्जर ने कहा कि धरा पर जीवन एवं खूबसूरती पेड़-पौधों की बदौलत ही है, लेकिन आज इंसान अपने स्वार्थ के लालच में अंधा होकर अंधाधुंध पेड़ों की कटाई कर रहा है, जिसकारण पर्यावरण का संतुलन निरंतर बिगड़ता जा रहा है, जिसके भयावह परिणाम भुगतने पड़ रहे हैं।

### राजकीय मॉडल स्कूल को भेंट कया पंखा

**बवानीखेड़ा।** गर्मी के मौसम को देखते हुए राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला ढुंढवा जोहड़ में विद्यालय मुखिया विमल सिंधु सहित समूचे स्टाफ की मौजूदगी में एक छात्र के अभिभावकों ने सप्रेम एक छत वाला पंखा भेंट किया।

## भिवानी के खिलाड़ियों की प्रतिभा से विश्व है रूबरू : कमल प्रधान

# एथलेटिक्स चैंपियनशिप ने जगदीप ने जीता स्वर्ण पदक

### पदक विजेता खिलाड़ी का युवा कल्याण सगठन ने फूल.मालाओं के साथ किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

खेल नगरी के नाम से मशहूर भिवानी के एक ओर खिलाड़ी जगदीप ने एक बार फिर से प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर भिवानी को गौरवांवित करने का काम किया है। पदक विजेता खिलाड़ी को भिवानी पहुंचने पर मंगलवार को बैंक कॉलोनी में युवा कल्याण संगठन के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने बताया कि हरियाणा एथलेटिक्स द्वारा 13 व 14 अप्रैल को कुरूक्षेत्र के द्रोणाचार्य स्टेडियम में छठी हरियाणा स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन करवाया गय था। जिसमें बैंक कॉलोनी निवासी जगदीप ने 100 मीटर रेस में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। पदक विजेता खिलाड़ी का मंगलवार को सम्मानित किया गया। कमल प्रधान ने कहा कि भिवानी के युवाओं ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर खेल नगरी भिवानी व यहां के लोगों को गौरवांवित किया है, जो कि भिवानीवासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने अन्य युवाओं से आह्वान किया कि वे खेलों में भागीदारी करे तथा देश की तरक्की में अपनी भूमिका निभाएं।



भिवानी। पदक विजेता को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### नेशनल डोजबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन

**बहल।** श्रीराम इंटरनेशनल स्कूल के छह खिलाड़ियों को तेलंगाना में होने वाली नेशनल डोजबॉल प्रतियोगिता के लिए हरियाणा टीम में चयन हुआ है। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर श्रीराम विद्यालय के विद्यार्थियों सहित पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल है। विद्यालय चेयरमैन डॉ. विरेन्द्र श्योराण ने बताया कि श्रीराम इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने नेशनल डोजबॉल प्रतियोगिता के लिए उचाना में हुई चयन प्रक्रिया में भाग लिया था। प्रक्रिया में प्रदेशभर से विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की थी। श्रीराम इंटरनेशनल स्कूल के छह खिलाड़ियों की बेहतरीन प्रतिभा को देखते हुए चयन समिति ने इन खिलाड़ियों का नेशनल प्रतियोगिता के लिए हरियाणा की टीम में चयन किया है। नेशनल प्रतियोगिता तेलंगाना में आयोजित होगी जिसमें विद्यालय के खिलाड़ी हरियाणा टीम का हिस्सा बनेंगे। उन्होंने बताया कि विद्यालय के भारती, सोनम ,योगेश , भारती , साहिल , रीतु पुत्री संजय का चयन नेशनल लेवल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। खिलाड़ियों की सफलता पर विद्यालय चेयरमैन डॉ. विरेन्द्र श्योराण, चेयरमैन सुशील केडिया, प्राचार्या नीलू जे तेवतिया, कोच सुनील कुमार ने उनको बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



### सीबीएलयू की हैंडबॉल टीम ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में जीता कांस्य पदक

**भिवानी।** उदयपुर की जनार्दन राय नगर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय में 12 से 16 अप्रैल तक आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की महिला हैंडबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीता। सीबीएलयू की महिला हैंडबॉल टीम की उपलब्धि पर न केवल सीबीएलयू, बल्कि खेलप्रेमियों में खुशी है। विजेता टीम को सीबीएलयू कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी, कुलसचिव डॉ. ऋतुसिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर व खेल निदेशक प्रोफेसर सुरेश मलिक व स्टेट हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव संदीप कोंटिया ने बधाई दी।

### चार मुक्केबाजों ने जीते मेडल

**भिवानी।** रोहतक में 8 से 15 अप्रैल तक खेलो इंडिया आरईसी कमबाईंड नेशन बॉक्सिंग चेंपियनशिप में गुरु द्रोणाचार्य कैप्टन हवासिंह बॉक्सिंग अकादमी के 4 मुक्केबाजों ने मैडल जीत कर अकादमी व जिले का नाम रोशन किया। यह जानकारी देते हुए अकादमी के महासचिव प्रीतम दलाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में अकादमी के पुरूष व महिला मुक्केबाजों ने भाग लिया। जिसमें 63.5 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण, 71किलोग्राम में विश्वास पंघाल ने स्वर्ण, 71 किलोग्राम में विवेक ने रजत व दिव्या ने अपने भार वर्ग में कांस्य पदक जीत कर अपनी प्रतिभा का दम दिखाया। विजेता खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय भीम अवार्डी कोच संजय श्योराण को दिया। अकादमी अध्यक्ष डॉ. एलबी गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमें शिक्षा के साथ.साथ खेलों में भी भाग लेना चाहिए।

## भाजपा में शामिल होने के बाद पातुवास में कार्यकर्ता सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

समाज सेवी उमेद पातुवास के भाजपा में शामिल होने के बाद मंगलवार को उन्होंने पातुवास स्थित अपने फार्म हाउस पर कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें काफी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी।

कार्यकर्ता सम्मेलन में भिवानी महेंद्रगढ़ सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने भी शिरकत की। आपकी जानकारी के लिए बता दे कि उमेद सिंह पातुवास ने हाल ही में भाजपा पार्टी का दामन थामा है। उसी उपलक्ष में मंगलवार को कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर अपने समर्थकों से मिले। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वे पहले भी समाज से जुड़े रहे हैं और समाज के लिए उनसे जो बन पड़ा है वो किया है। उन्होंने कहा की समाज हित व समाज सेवा में हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की राय पर ही भाजपा पार्टी में शामिल हुए हैं और भाजपा में रहकर लोगों की सेवा करेंगे। वहीं कार्यक्रम में सांसद धर्मबीर सिंह ने शिरकत की। उनके पहुंचने पर लोगों ने फुल मालाओं से व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। सासंद धर्मबीर सिंह ने कहा कि उमेद सिंह पातुवास ने लगातार लोगों के बीच रहकर उनकी सेवा की है। उसी का परिणाम है कि विस चुनाव के दौरान उन्हें 24 हजार से अधिक मत मिले।



### विवेकानंद में बच्चों को बताया मतदान का महत्व

**लोहारू।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत मंगलवार को विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एसडीएम अमित कुमार के मार्गदर्शन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें प्राचार्य जितेंद्र भारद्वाज ने विद्यार्थियों को लोकतंत्र में वोट का महत्व बताया। प्राचार्य भारद्वाज ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है कि प्रत्येक नागरिक मतदान में हिस्सा लें। उन्होंने बताया कि आगामी 25 मई को हरियाणा में दस लोकसभा सीटों के लिए मतदान होने वाला है, जिसमें प्रत्येक मतदाता को वोट का इस्तेमाल करना है और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलवाई और सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। स्कूली विद्यार्थियों ने शहर में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया और यातायात नियमों की पालना करने की अपील की। इस मौके पर स्कूल स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी मौजूद रहे।

## मतदान केंद्रों पर विकलांगों के लिए रैंप, बिजली पानी की आपूर्ति करवाएं सुनिश्चित : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को दृढ़ता से भारत निर्वाचन आयोग की आदर्श आचार संहिता लागू करने की हिदायत दी और कहा कि चुनाव प्रक्रिया में लगे सभी अधिकारी व कर्मचारी न केवल निष्पक्ष रहें बल्कि उनके आचरण से निष्पक्षता झलकनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता को प्रभावी ढ़ंग से लागू करने को सहायक रिटर्निंग अधिकारी अपने क्षेत्र में पूर्ण रूप से जिम्मेवार होंगे और इस कार्य को अंजाम देने को वे पूरे क्षेत्र को अलग-अलग सेक्टर में बांटकर निगरानी करवा सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि सार्वजनिक सम्पत्ति पर पोस्टर, बोर्ड या होडिंग नहीं लगाए जा सकते तथा निजी सम्पत्ति पर मालिक लिखित अनुमति होनी आवश्यक है। संबंधित अधिकारी अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण व संवेदनशील राजनीतिक गतिविधियों की वीडियोग्राफी करवाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की ट्रेनिंग कर्मचारियों को देने के लिए विभिन्न स्थानों पर वोटिंग मशीनें उपलब्ध रहेंगी। इनमें जिला निर्वाचन कार्यालय के अलावा उपमंडलाधीश कार्यालय, तहसील कार्यालय, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय आदि शामिल हैं। उन्होंने सहायक रिटर्निंग अधिकारियों से कहा है कि वे 10 दिन में अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में सभी पोलिंग बूथों पर नंबर लिखवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों पर विकलांग व्यक्तियों के लिए रैम्प, बिजली, पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। चुनाव प्रचार के दौरान एक साथ तीन वाहनों का काफिला ही चल सकता है। सरकारी रेस्ट हाऊसों का प्रयोग किसी भी राजनीतिक गतिविधि जैसे कार्यकर्ताओं की बैठक या संवाददाता सम्मेलन के लिए नहीं किया जा सकता, लेकिन राजनीतिक व्यक्ति आरक्षण करवाकर रेस्ट हाउस में ठहर सकते हैं।



मनदीप कौर।

## नोडल अधिकारी गंभीरता से तैयारी पूरी करें

- आदर्श चुनाव आचार संहिता की कहीं पर भी उल्लंघना न होने दी जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

लोकसभा चुनाव को जिला में पारदर्शी, शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल की अध्यक्षता में स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में सभी नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी नरवाल ने कहा कि चुनाव ड्यूटी में नियुक्त सभी नोडल अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुरूप अपनी ड्यूटी की तैयारी पूरी करें। उन्होंने निर्देश दिए कि अपनी ड्यूटी का निर्वहन ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक करें। उन्होंने नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि आदर्श चुनाव आचार संहिता की कहीं पर भी उल्लंघना न हो, यदि कोई ऐसा करता है तो उसको नोटिस जारी किए जाएं और निर्वाचन आयोग के नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाए। समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला भी मौजूद रहे। बैठक में निर्देश देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी नरवाल ने कहा कि ईवीएम रेंडेमाईजेशन और ईवीएम वेयरहाऊस से ईवीएम जारी करने की वीडियोग्राफी की जाए। इसके साथ ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी बुलाया जाए। यह चुनाव की पारदर्शिता और आमजन की विश्वसनीयता के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि ईवीएम का पहला रेंडेमाईजेशन विधानसभा वाईज होगा तथा दूसरा रेंडेमाईजेशन बूथ स्तर के लिए होगा। उन्होंने निर्देश दिए जनसभा और रैली आदि की वीडियोग्राफी जरूरी है ताकि चुनावी खर्च को ब्यौरा सही ढंग से आ सके। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदान प्रक्रिया में नियुक्त पोलिंग, काऊंटिंग व अन्य स्टाफ का प्रशिक्षण अतिशीघ्र शुरु किया जाए ताकि समय रहते वे सारी जानकारी सही ढंग से ले सकें। उन्होंने सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने.अपने क्षेत्र में लगाए गए नाकों को स्वयं जाकर चैक करें। इसके साथ ही वहां पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को चैक किया जाए कि वे अपनी ड्यूटी पर कितना मुस्तैद हैं। उन्होंने कहा कि नाकों पर वाहनों की गहनता से छानबीन की जाए। विशेषकार राजस्थान की सीमा के साथ लगते नाकों पर और अधिक गहनता से निगरानी की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि पोलिंग बूथों पर सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाएं।



भिवानी। अधिकारियों को दिशा.निर्देश उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि



### केएम पब्लिक स्कूल में रामायण के विभिन्न प्रसंगों को जीवन में आत्मसात करने का लिया संकल्प

**भिवानी।** केएम पब्लिक स्कूल में नवरात्रि के उपलक्ष्य में पिछले सात दिनों से चल रहे रामचरितमानस अखंड पाठ का समापन किया। पाठ का समापन विद्यालय प्रबंधक आनंद बासिया, प्राचार्या रेनू सैनी, उप-प्राचार्या नीलम गौतम, प्रबंधन समिति सदस्य अमिता शर्मा व सुनील शर्मा, प्राथमिक विंग प्रभारी अंजु पोपली तथा गतिविधि प्रभारी सारिका पंडित व रेखा श्योराण ने मिलकर विधि-विधान के साथ भगवान श्रीराम व माता दुर्गा की पूजा व आरती के साथ किया। प्रबंधन समिति सदस्यों, प्राचार्या, अध्यापकों व विद्यार्थियों ने मिलकर रामायण के विभिन्न प्रसंगों को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों ने मां दुर्गा गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुति देकर देवी मां के प्रति अपने श्रद्धाभाव व्यक्त किए। दुर्गा अष्टमी पर विद्यालय में कंजक पूजन किया तथा कक्षा प्रथम के सभी विद्यार्थियों में प्रसाद व फल वितरित किए। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनीष सिंघानिया, सचिव राजेश मोडा, समिति सदस्य जितेंद्र गोयल ने वर्चुअल माध्यम से पूजा कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की व मां दुर्गा से सभी के शुभ व मंगल की शुभेच्छा की।

## वोटिंग के लिए जागरूक कर रही स्वीम टीम

- उपायुक्त के निर्देशन में स्वीप टीम लोगों को कर रही जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

लोकसभा चुनावों में दादरी जिले की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर के निर्देशन में स्वीप टीम हर वर्ग के बीच मतदाता जागरूकता का संदेश लेकर पहुंच रही है।

इस कड़ी में घिकाड़ा रोड स्थित सीएसडी कैंटीन और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम एसडीओ कार्यालय दादरी के साथ-साथ नई अनाज मंडी में पहुंचकर आढ़तियों और श्रमिकों को मतदान के महत्व और चुनाव से संबंधित जानकारी प्रदान की। सीएसडी कैंटीन के मैनेजर कर्नल (रिटायर्ड) आरआर नेहरा के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों को मतदान में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। सीएसडी मैनेजर ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रणाली में प्रत्येक मतदाता की भागदारी आवश्यक है, इसलिए हम सभी को इसमें पूर्ण भागीदारी करनी चाहिए। स्वीप टीम सदस्य हरपाल आर्य, सुंदरपाल फौगाट और रविंद्र जाखड़ ने उपस्थितजनों को प्रेरित करते हुए कहा कि लोकतंत्र का राष्ट्रीय मतदाता पर्व पांच साल में एक बार मनाया जाता है। उन्होंने युवाओं को मतदान में बढ़ चढ़कर भाग लेने को कहा जो पहली बार मतदान करेंगे। बिजली निगम कार्यालय में निर्वाचन आयोग की वोटर इन क्यू एप की जानकारी प्रदान की जिसके जरिए मतदाता चुनिंदा विधानसभा क्षेत्रों में बूथ पर लाइन में लगे मतदाताओं की संख्या का पता लगा सकेंगे। इसके अलावा सक्षम एप, वोटर हेल्पलाइन एप व सी विजिल एप की जानकारी प्रदान की।



चरखी दादरी। मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करते। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर सिटी एसडीओ गौरव, कर्नल आर आर नेहरा, रवि कुमार, नंदिनी युवा क्लब दादरी की प्रभारी ज्योति शर्मा आदि उपस्थित रही।

## चौधरी बंसीलाल कॉलेज के छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली



**लोहारू।** चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय में कानूनी प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली को प्राचार्य डॉ. मुकेश चहल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्राचार्य डॉ. मुकेश ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए देश का प्रत्येक नागरिक मत का प्रयोग करें और सशक्त सरकार बनाने में योगदान दें। कानूनी प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. राजबाला ने बताया कि मंगलवार को छात्र छात्राओं ने शहर में रैली निकालकर लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी होनी जरूरी है। इस मौके पर डॉ सुखबीर सिंह, सरिता, डॉ. सीमा, डॉ. अजय वशिष्ठ, डॉ. सुनील, डॉ. पूनम सहित स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## निजी स्कूल के के बाहर गड्ढा हादसों को दे रहा खुला निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

कनीना में हुए बस हादसे के बाद जिला प्रशासन ने बसों में चेकिंग अभियान चलाकर नियमों के मानकों पर खरा न उतरने वाले वाहनों के चालान किए जा रहे है, जो सही भी है, लेकिन सड़क हादसों का मुख्य कारण बनने वाली सड़कों की दुर्दशा की तरफ जिला प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा, ऐसा ही नजारा इन दिनों रोहतक गेट स्थित निजी स्कूल के समक्ष देखा जा सकता है, जहां पर सड़क के बीचो-बीच बना गड्ढा हादसे को खुला निमंत्रण दे रहा है, जिसकी तरफ प्रशासन को ध्यान देते हुए तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि किसी बड़े हादसे को रोका जा सकें। पार्षद अंकुर कौशिक, पार्षद जयवीर सिंह रंगा, अनुराग कोकड़ा, निखिल दत्त, सुनील गुप्ता व अंकित अग्रवाल सड़क के बीचो-बीच बने गड्ढे को भरवाने की मांग करते हुए कही। उन्होंने कहा कि शहर का रोहतक गेट व्यस्तम चौक है, यहां पर नीजि स्कूल शहर का प्रमुख स्कूल है, जिसके चलते यहां पर पूरा दिन वाहनों का आवागमन रहता है। यही नहीं जब उक्त स्कूल की छुट्टी होती है तो बच्चों के साथ-साथ वाहनों की भीड़ भी बढ़ जाती है, ऐसे में इस मार्ग पर बना गड्ढा बड़े हादसे को निमंत्रण दे रहा है। उन्होंने कहा कि इस गड्ढे में ई-रिक्शा कई बार पलट चुकी है, ऐसे में प्रशासन को चाहिए कि जल्द से जल्द संबंधित विभाग को निर्देश देते हुए गड्ढे का स्थायी समाधान किया जाए।



### छात्रों एवं शिक्षकों के लिए कानूनगो ग्रेवाल ने बढ़ाए मदद के हाथ

# राजकीय वमावि सांगा में वाटर कूलर किया भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जैसे-जैसे गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है, वैसे-वैसे पानी की जरूरत भी बढ़ती जाएगी, ऐसे में चिलचिलाती एवं तपती गर्मी में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शीतल पेयजल मुहैया करवाने के उद्देश्य से कानूनगो समेर सिंह ग्रेवाल से गांव सांगा स्थित राजकीय वमा विद्यालय में एक हजार लीटर की क्षमता का वाटर कूलर लगवाया, जिसका मंगलवार को विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर मुख्यतिथि के साथ मीतु ठेकेदार व प्रधान महेंद्र सिंह बेनीवाल मौजूद रहे, जिनका विद्यालय परिवार की तरफ से प्राचार्य ने फूल-मालाओं से स्वागत किया व आभार जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य कुलदीप सिंह ने की तथा संचालन संस्कृत प्रवक्ता रामधन शास्त्री ने किया। ग्रेवाल ने एक वाटर कूलर राजकीय प्राथमिक पाठशाला व एक कन्या प्राथमिक पाठशाला को भेंट किया। मुख्यतिथि ने विद्यालय को किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होने पर पूर्ण रूप से सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता, बस उस कार्य को करने का भाव बड़ा व लग्न व सच्चा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शीतल पेयजल की व्यवस्था होना बहुत जरूरी है, ताकि देश के भविष्य को मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे।



भिवानी। वाटर कूलर का शुभारंभ करते कानूनगो समेर सिंह ग्रेवाल व अन्य।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राजकुमार, हसला खंड प्रधान अशोक कुमार, सुरेंद्र कुमार मिगलानी, पूनम रानी, ज्योति सिहाग, जयप्रकाश वर्मा, संजीव कुमार, अंशु, नरेंद्र, शिवानी, सविता, रोहित, सज्जन सिंह, सुभाष, रमेश कुमार, बलवान सिंह, सरिता डीपीई, एसएमसी प्रधान पूजा शर्मा, प्राथमिक पाठशाला से वीरमति, प्रेम सहित समस्त स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### दुर्गाष्टमी व रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया

**भिवानी।** मंगलवार को जी लिट्रा वैली स्कूल में दुर्गाष्टमी व रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। नवरात्रि में नौ दिनों तक शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना की जाती है। विद्यार्थियों ने भाषण व काव्य पाठ के माध्यम से अपनी श्रद्धा प्रकट की। प्राचार्या डॉ.सुमन यादव ने विद्यार्थियों को त्योहार की जानकारी दी।



### महिलाओं ने माता के भजन-गीत गाते हुए रोपित की त्रिवेणी

**भिवानी।** बड़, पीपल व नीम की त्रिवेणी हमें छाया तो देती ही है, साथ ही साथ पर्यावरण सुधार में काफी मदद करते है, इसीलिए किसी भी कार्यक्रम, त्यौहार या अन्य अवसरों पर प्रत्येक व्यक्ति को त्रिवेणी रोपित कर उसकी देखभाल की जिम्मेदारी लेनी चाहिए, ताकि बच्चों के भविष्य को पर्यावरण संकट से बचाया जा सके, ये बात त्रिवेणी बाबा ने आठवें नवरात्रे पर महम रोड गोशाला में त्रिवेणी रोपित करते हुए कही।

## जीएसटी के विरोध में हुई अनाजमंडी आढ़ती एसोसिएशन ने की बैठक

# जीएसटी के विरोध में आढ़तियों ने किया खरीद का बहिष्कार

आढ़तियों ने बताया कि उन्हें सरसों पर मात्र सवा फीसदी आढ़त मिलती है और जीएसटी पांच प्रतिशत लगा दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

सरसों खरीद पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगाने के विरोध के आढ़तियों ने खरीद बंद करने की चेतावनी दी है। मंगलवार को अनाजमंडी आढ़ती एसोसिएशन की बैठक प्रधान रामकुमार रिटोलिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सरसों की सरकारी खरीद पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगाने का विरोध जताया। आढ़तियों ने बताया कि उन्हें सरसों पर मात्र सवा फीसदी आढ़त मिलती है और जीएसटी पांच प्रतिशत लगा दी। आढ़ती जीएसटी वहन करने में सक्षम नहीं हैं।

बैठक में आढ़तियों ने सरसों की सरकारी खरीद में जीएसटी को लेकर सरकारी खरीद का बहिष्कार फैसला लिया। उन्होंने कहा कि जब तक सरसों पर जीएसटी का समाधान नहीं होगा तब तक सरसों की सरकारी खरीद नहीं करेंगे। प्रधान रामकुमार ने कहा कि अनावश्यक शर्त लगाकर खरीद प्रक्रिया को बाधित किया जा रहा है। उन्होंने कहा की 5 प्रतिशत जीएसटी लगना पूरी तरह गलत है। इससे आढ़तियों को नुकसान उठाना पड़ेगा।



चरखी दादरी। बैठक में जीएसटी का विरोध करते आढ़ती। *फोटो : हरिभूमि*



बाढड़ा। जीएसटी को लेकर रोष जताते आढ़ती *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

बैठक में विनोद गर्ग, अनिल बलकरा, वेदपाल चैयरमैन, राधेश्याम हडोदिया, नरेश, वेदपाल चरखी, प्रतापचंद सांगवान, वितिन सांगवान एडवोकेट, अजीत फौगाट, प्रवीण, अमित, संजय गर्ग, श्यामलाल डोहका आदि उपस्थित थे।

### सरसों खरीद बंद करने की दी चेतावनी

**बाढड़ा।** सरसों खरीद के दौरान जीएसटी भुगतान का कई स्थानों पर विरोध देखने को मिला है। मंगलवार को बाढ़ड़ा अनाज मंडी के आढ़ती जीएसटी के विरोध में उतरे और सरसों खरीद में 5 प्रतिशत जीएसटी भुगतान में पूरी तरह से असमर्थता जाहिर करते हुए सरसों खरीद बंद करने की चेतावनी दी है। ऐसें में खराब मौसम के बीच मंडी परिसर में पड़ी करीब पांच करोड़ रुपये की सरसों खरीद पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। बाढ़ड़ा अनाज मंडी परिसर में रोष जताते हुए प्रधान हनुमान शर्मा ने कहा कि पहले नैफेड द्वारा सरसों की खरीद की गई थी उस दौरान उन्होंने कमीशन एजेंट के तौर पर कार्य किया था। बाद में नैफेट का सरसों खरीद का टारगेट पूरा होने के बाद 9 अप्रैल से हैफेड द्वारा सरसों की खरीद की जा रही है। इस खरीद में खरीद एजेंसी हैफेड है जबकि वे बिचौलिये के तौर पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आढ़त सवा प्रतिशत मिलती है जबकि जीएसटी 5 प्रतिशत मांगी जा रही है। जिसे वहन करने में पूरे तरह से असमर्थ हैं। वे किसी भी कीमत पर जीएसटी का भुगतान नहीं कर सकते हैं। मंडी प्रधान ने बताया कि उन्होंने प्रशासन व खरीद एजेंसी प्रतिनिधियों को पूरी तरह से अवगत करवा दिया है कि वे जीएसटी देकर सरसों की खरीद नहीं करेंगे। मंडी परिसर में करीब पांच करोड़ रुपये की सरसों पड़ी हुई है। किसानों को एमएसपी के तहत उनकी फसलों का भुगतान करने की जिम्मेवारी खरीद एजेंसी या सरकार की होगी। मंडी प्रधान हनुमान शर्मा ने कहा कि आढ़तियों पर जीएसटी की शर्त थोपकर खरीद प्रक्त्रिया को जानबूझकर बाधित किया जा रहा है ताकि किसानों व आढ़तियों को परेशानियों का सामना करने पड़े। उन्होंने कहा कि नियम अनुसार जीएसटी वापसी होती है और उन्हें 24 घंटे में वापसी की बात कही जा रही है। लेकिन पूर्व में खरीद के दौरान आढ़तियों द्वारा वहन की गई जीएसटी एक साल बाद भी वापिस नहीं मिली है। जिसके चलते उन्होंने निर्णय लिया है कि वे जीएसटी का भुगतान कर सरसों की खरीद नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि वे पूरी तरह से फसल खरीद में सरकार के साथ हैं,लेकिन जीएसटी वहन नहीं कर सकते इसलिए सरकार को जीएसटी हटाकर खरीद करनी चाहिए ।



### दा ऑकवुड स्कूल में दुर्गा अष्टमी का आयोजन

**भिवानी।** दा ऑकवुड स्कूल में दुर्गा अष्टमी व राम नवमी के त्योहार को बड़े हषाेर्ल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक दिनेश सिंह, समिति सदस्य विक्त्रम राणा व स्कूल प्राचार्य सज्जन भारद्वाज ने दीप प्रज्ज्वलित करके माँ दुर्गा व श्री राम के चरणों में पुष्प अर्पण किये तथा बच्चों को उनके धर्म व संस्कृति के बारे में अवगत कराया। उन्होंने इस अवसर पर श्री राम के जीवन चरित्र का बड़े ही सुंदर शब्दों में वर्णन किया। प्राचार्य बच्चों को श्रीराम के जीवन के सभी नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। श्रीराम के आदशोंर् को जीवन में उतारने के लिए बच्चों से शपथ ली गई। कार्यक्रम के शुभारंभ मे सरस्वती वंदना व श्रीराम स्तुति प्रस्तुत करके बच्चों ने अपने धर्म के प्रति सम्मान व निष्ठा का परिचय दिया। अनन्या, मनित, शेहरा, महक, नायरा, देव, दिया,मनस, सारिका, पार्थ, अनुष्का, वीर व रिति और रितिका जांगड़ा ने कई कविताओं, मंत्रों का पाठ किया और श्री राम के जीवन की विभिन्न घटनाओं का वर्णन किया। शिक्षिका सुधा ने श्री राम के जीवन चरित्र का सुंदर वर्णन किया।



### सुई सरपंच ने स्कूल में बच्चों के साथ खाया खाना

**बवानीखेड़ा।** सुई के राजकीय वमा विद्यालय में ग्राम सरपंच रवि ने स्कूल में बच्चों के साथ एमडीएम में बने भोजन को खाया और सफाई व्यवस्था देखी। उन्होंने बच्चों से राशन के बारे में पूछा। सरपंच रवि कुमार गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के साथ पहुंचे। इस दौरान स्कूल की एसएमसी भी उनके साथ थी। सभी ने स्कूली बच्चों के साथ एमडीएम के भोजन का स्वाद चखा। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर थाली ली। सरपंच रवि ने बताया कि हमारे गाँव के बच्चे स्कूल में पढ़ने के लिए आते है। उन्होंने बताया कि बच्चों को अच्छा राशन मिले सफाई मिले यही देखने के लिए वे आये थे । उन्होंने बताया कि इस दौरान गाँव में स्थित एकल ग्रामोत्थान फाऊंडेशन के जीआरसी राहुल कुमार व एसएमसी सदस्य भी उनके साथ आये है।



## शिक्षा ही सफलता का सबसे बड़ा माध्यमः जैन

- राजकीय कन्या वमा विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

राजकीय कन्या वमा विद्यालय एवं वीर शहीद सतीश कुमार बालिका मॉडल संकृति प्राथमिक विद्यालय मानहेरू तथा बीडी गुप्ता राजकीय वमा एवं प्राथमिक विद्यालय मानहेरू में मंगलवार को हमारा अपना फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संस्थापक सचिन जैन ने की। प्राचार्य श्रीकांत शर्मा ने संस्था के सभी सदस्यों का स्वागत किया और विद्यालयों की गतिविधियों से अवगत करवाया। कार्यक्रम में संस्था की ओर से चारों विद्यालयों की सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर समाजसेवी सचिन जैन ने कहा कि शिक्षा ही सफलता का सबसे बड़ा माध्यम हैं, आप इसके माध्यम से अपने जीवन के अलावा समाज को नई दिशा दे सकते हैं। बहुत से शिक्षित प्रबुद्धजन ने समाज में शिक्षा के माध्यम से ही बदलाव किया हैं। संस्था के शिक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रवेश गौतम ने सभी विद्यार्थियों को अपना कैरियर बनाने के लिए शिक्षा का महत्त्व बताया। उन्होंने बेटियों को मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। इस मौके संस्था के सीईओ एसके सिंह, कोर कमेटी के अध्यक्ष आरपी ओला, प्रवेश गौतम, नवीन, प्रवीन, पूजा, शकुंतला एवं समस्त शिक्षकों व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## सेंट जेवियर्स में विद्यार्थियों ने दी सुंदर प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रोहतक रोड स्थित सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में मंगलवार को राम नवमी खुशी व उल्लास के साथ मनाई गई। राम नवमी कक्षा आठवी के छात्रों ने स्पेशल असेंबली के साथ आयोजित की। असेंबली में मुख्यतिथि स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह, निर्देशिका कीर्ति चौहान व प्राचार्या कीर्ति आहूजा उपस्थित रहे। असेंबली की मंच संचालिका तनु व सोनल रही।

उनके द्वारा श्रीराम के विषय में विस्तार से बताया कि राम नवमी हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है। इस



तिथि के शुक्ल पक्ष में भगवान राम का अयोध्या में जन्म हुआ था, इसी ज्ञान के साथ-साथ छात्र हिमांशु ने आज का सुविचार प्रस्तुत किया। अनुभव द्वारा आश्चर्यजनक तथ्य भी श्रीराम के विषय में बताया। छात्र दक्ष व धीरज ने गायत्री मंत्र व सुबह की प्रार्थना बोली।

## मिशन बुनियाद का धमाकेदार आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

भिवानी के राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय सभागार में बच्चों को मिशन बुनियाद के लिए जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया एवं इसके साथ.साथ नए सत्र के छात्रों के लिए रजिस्ट्रेशन और मिशन बुनियाद के पिछले सत्र के छात्रों के लिए पीटीएम का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त भिवानी हर्षित कुमार ने की। इसके अतिरिक्त डीईओ नरेश कुमार मेहता, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं अतिरिक्त कार्यभार जिला परियोजना समन्वयक संतोष देवी, डीएसएस रोहित कुमार, शिव कुमार खंड शिक्षा अधिकारी भिवानी एवं मिशन बुनियाद के डायरेक्टर प्रदीप सनसनवाल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। ज्ञात रहे कि वर्तमान में भिवानी में मिशन बुनियाद के 5 सेंटर चले हुए हैं। मुख्य अतिथि ने उपस्थित बच्चों को कड़ी मेहनत अपना कर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया और बच्चों के कुशल नेतृत्व के लिए मिशन बुनियाद टीम को बधाई दी। ज्ञात रहे कि सर्वप्रथम सभी बच्चों के लिए मिशन बुनियाद की लेवल 3 परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें लेवल 2 को पार करके आए हुए 260 विद्यार्थियों ने भाग लिया, इसके उपरांत मिशन बुनियाद के बारे में अधिक जानकारी देने के लिए कार्यक्रम शुरू किया गया, जिसका विषय उत्सव कठिनाइयों का रखा गया। शीर्षक पर बच्चों का ध्यान आकर्षित करते हुए मिशन बुनियाद के डायरेक्टर प्रदीप सनसनवाल ने बच्चों को जीवन में वास्तविक ज्ञान अर्जन करके आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और बच्चों की कामयाबी में मिशन बुनियाद की भूमिका की जानकारी दी। जिला विज्ञान विशेषज्ञ रोहित कुमार ने एक कुशल आयोजक की भूमिका निभाते हुए मिशन बुनियाद और हरियाणा सुपर 100 संबंधित गहन जानकारी दी। इसी दौरान सभी बच्चों और अभिभावकों के लिए दोपहर भोज का आयोजन भी किया गया।



बवानीखेड़ा। भिवानी के राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय सभागार में बच्चों को मिशन बुनियाद के लिए जागरूकता अभियान में मंच पर मौजूद।

### पंजीकृत प्ले स्कूलों में ही करवाएं दाखिला

**भिवानी।** जिला कार्यक्रम अधिकारी वैशाली ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग पंचकूला और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी किए गए निर्देशानुसार जिले में चल रहे प्राईवेट प्ले स्कूलों को पंजीकरण कराना अनिवार्य है। बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से अभिभावक अपने बच्चों का दाखिला केवल पंजीकृत प्ले स्कूलों में ही करवाएं। जिला कार्यक्त्रम अधिकारी ने बताया कि जिस भी प्राइवेट प्ले स्कूलों के पंजीकरण की फाइल महिला एवं बाल विकास विभाग में ऑफलाइन जमा है, उसका पंजीकरण एनसीपीसीआर प्ले स्कूल की नई गाइडलाइन के अनुरूप जारी किया जाएगा। इस गाइडलाइन के अनुसार अभिभावकों से अपील की है।

## प्रेरणा ने प्रतियोगिता में की प्रतिभागिता

- अतुल्य भारत पर्यटन मंत्रालय केंद्र सरकार के सौजन्य से आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हलवासिया विद्या विहार की दसवीं 'ब' की छात्रा प्रेरणा सिंह ने अतुल्य भारत पर्यटन मंत्रालय केंद्र सरकार के सौजन्य से आयोजित ऑनलाइन राष्ट्र स्तरीय प्रश्नोत्तरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में प्रेरणा को प्रतिभागिता करने पर प्रतिभागिता प्रमाण पत्र, टी-शर्ट व पैन पुरस्कार स्वरूप मिला। प्रेरणा सिंह के प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विद्यालय में प्रशासक डॉ. शमशेर सिंह अहलावत व प्राचार्य विमलेश आर्य ने हर्ष जताया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने प्रेरणा को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान को बढ़ाती है, साथ ही उनकी मनोबल व तार्किक शक्ति को भी बढ़ाती हैं। विद्यालय प्रशासन ने प्रेरणा सिंह को सम्मानित किया। इससे पूर्व प्रेरणा ने सेंट विवेकानंद मिलेनियम विद्यालय एचएमटी टाउनशिप पिंजौर हरियाणा द्वारा आयोजित 'सृजनोदय 2024 विवेकानंद स्मृति समारोह की ऑनलाइन आभासोदय प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद के कालक्रम की सुंदर प्रस्तुति देकर अ1 रैंक अर्जित किया था। वर्तमान में प्रेरणा ने अंग्रेजी ओलंपियाड में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर एलेग्जेंडर दास, अमरेंद्र, सुवीरा गर्ग, आचार्या बिजयालक्ष्मी व किरण मखीजा आदि उपस्थित रहे।



भिवानी। छात्रा प्रेरणा सिंह को सम्मानित करते प्रशासक व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*



### आनंद स्कूल में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन

**बवानीखेड़ा।** आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर में स्ट्रेंथनिंग असेसमेंट और इवेलुएशन प्रैक्टिस पर दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम ट्रेनिंग का दूसरा दिन रहा । जिसमें पूर्व निर्धारित ट्रेनर सेंट जोसेफ इंटरनेशनल स्कूल हिसार से प्रिंसिपल शालिनी चौधरी एवं डीडब्लूपीएस स्कूल भिवानी प्रिंसिपल अनीता शर्मा ने सीबीएसई द्वारा बनाये गए सभी प्रारूपों पर विस्तार से चर्चा हुई। आए हुए दोनों ट्रेनर्स ने सीबीएसई के विजन को प्रसार व विस्तार करने में अहम भूमिका निभाई। एनईपी 2020 के प्रत्येक पहलू को बारीकी से स्मार्ट एक्टिविटी व फिजिकल रूप मे भी बताया समझाया गया। आए हुए सभी शिक्षकों से सुझाव लिए गए और उनके द्वारा क्लास मे आने वाली असुविधाओं पर चर्चा हुई। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुरए बीके सीनियर सेकेंडरी स्कूल बवानी खेड़ा, के एम पब्लिक स्कूल भिवानीए सिटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बवानी खेड़ा, वैश्य मॉडल स्कूल भिवानी और हलवासिया विद्या विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल भिवानी के अध्यापकों ने भाग लिया। इस अवसर पर आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस के प्रिंसिपल नीतीश मिश्र, वाइस प्रिंसिपल गीता यादव, प्राइमरी हेड प्रमिला यादव आदि मौजूद रहे।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## नागरिकों ने अधिकारियों के समक्ष रखी सीवरेज जाम होने की समस्या

# जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने तेलीवाड़ा में सुनी शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी नरेश नरवाल के आदेशानुसार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को वार्ड सात और आठ के लिए सैनी धर्मशाला, तेलीवाड़ा में खुला दरबार लगाया। विभाग के कार्यकारी अभियंता सुनील रंगा ने अन्य अधिकारियों के साथ नागरिकों की पेयजल और सीवरेज से संबंधित समस्याएं सुनी।

इस दौरान नागरिकों ने मुख्यरूप से इस इलाके में सीवरेज नालों के जाम होने की समस्या रखी। अधिकारियों ने मौके पर जाकर सीवरेज संबंधित समस्याओं को देखा। अधिकारियों ने कहा कि नालों के अवरूद्घ होने का मुख्य कारण पशुओं को गोबर नालों में डालना है। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि वे गोबर नालों व सीवरेज लाइन में न डालें।



भिवानी। शहर का निरीक्षण करते पब्लिक हेल्थ के अधिकारी।

### पानी फैलने लगा सड़कों पर

अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को गौर से सुना और नालों के अवरूद्घ होने का कारण जाना। इस पर सामने आया कि सीवरेज लाइन व नालों व पशुओं का गोबर डालने की वजह से नाले रूके हुए हैं, जिससे सीवरेज नाले ओवरफ्लो होकर गंदा पानी सडकों पर आ जाता है। इस कार्यकारी अभियंता रंगा ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नालों में गोबर या किसी प्रकार की गंदगी या कचरा न डालें। पेयजल से गाड़ी या कोई भी वाहन न धोएं और न ही पीने के पानी से पशुओं को नहलाएं। उन्होंने कहा कि पानी की कीमत को समझें। पानी की एक.एक बूंद कीमती है। गर्मी के मौसम में पेयजल की खपत बढ जाती है। विभाग का हरसंभव प्रयास है कि नागरिकों को समक्ष पेयजल की समस्या न बनें। इस दौरान एसडीओ सूर्यप्रकाश जैन और सतीश कुमार, जेई पंकज, संजय जैन, उमेद सिंह व महेंद्र स्वामी ने नागरिकों की समस्याएं सुनी।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
**आर्यन कोचिंग सैन्टर**
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू | 12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
CUET
S.S.C.
अग्निवीर
C.E.T.
रेलवे
N.D.A.
अनुभवी अध्यापक | नोटस पैकेज | शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली (च. दादरी) नजदीक बस स्टैण्ड
9416330206, 9050035973